भाद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 287, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 7 : MIDDLE**

# एसआरएमएस में निशुल्क होंगे मोतियाबिंद के 10 हजार आपरेशन



ब्रेस्ट कैंसर सीएमई और एटीएलएस के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते देवमूर्ति।

**बरेली, अमृत विचार:** इस वर्ष एसआरएमएस मेडिकल कालेज में मोतियाबिंद के 10 हजार आपरेशन और जरूरतमंद एक व्यक्ति की हर हफ्ते रोबोटिक सर्जरी निशुल्क की जाएगी। यह घोषणा चेयरमैन देवमूर्ति ने रविवार को आयोजित ब्रेस्ट कैंसर सीएमई और एटीएलएस के संयुक्त उद्घाटन समारोह में की। रविवार को एसआरएमएस मेडिकल कालेज के ब्रेस्ट ऑकोलाजी पर सीएमई के साथ तीन दिवसीय एडवांस ट्रामा लाइफ सपोर्ट कोर्स शुरू हुआ। देवमूर्ति ने तेजी से बढ़ रहे ब्रेस्ट कैंसर और हादसों में बढ़ रही मृत्युदर पर चिंता जताई। एटीएलएस कोर्स के चेयरमैन प्रो. (डा.) एमसी मिश्रा ने कहा कि जितनी तेजी से कैंसर बढ़ रहा है उससे कहीं ज्यादा तेजी से ट्रामा में मौतें हो रही हैं। एनबीई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और एम्स दिल्ली में ट्रामा सर्जरी के प्रो. सुबोध कुमार ने कहा कि ट्रामा और ऑकोलाजी दोनों को महत्वपूर्ण बताया। एम्स दिल्ली में सर्जरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष और सुभारती हास्पिटल के कैंसर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डा.अनुराग श्रीवास्तव ने कैंसर, हार्ट और डायबिटीज में हो रही वृद्धि को जागरूकता की कमी बताया। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, सीएमई के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अमित सिंह, आरएमएल दिल्ली के जनरल सर्जरी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके गुप्ता, मिलिटरी हॉस्पिटल बरेली के कमांडेंट ब्रिगेडियर डा.किरन एस, एम्स ऋषिकेश के एसोसिएट प्रो. मधुर उनियाल, लखनऊ कमांड हास्पिटल के लेफ्टिनेंट कर्नल डा. आनंद कटियार, एम्स रायबरेली की डा.प्रियंका चौधरी, डॉ. अजय भारती, डॉ.सीएम चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।